# सीआइएमपी में पीजीडीएम का नया बैच

- पीजीडीएम बैच (2025-27) के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम
- निदेशक बोले-समय और ज्वार किसी का इंतजार नहीं करते

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना (सीआइएमपी) में मंगलवार को नए पीजीडीएम बैच (2025-27) के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान सीआइएमपी और टाइगर एनालिटिक्स के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुआ। सीआइएमपी के निदेशक डा. राणा सिंह ने स्वागत भाषण में छात्रों को बधाई दी और कहा कि समय और ज्वार किसी का इंतजार नहीं करते। उन्होंने छात्रों से दो वर्षों तक एकाग्र होकर पढ़ाई करने और हर अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्थान उन्हें सफलता के लिए सभी जरूरी संसाधन प्रदान करेगा। प्रो. अंकित शर्मा ने संस्थान, पाठ्यक्रम और छात्रों के विकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान ने अब तक 100 प्रतिशत प्लेसमेंट रिकार्ड बनाए रखा है। पिछले वर्ष यहां के छात्रों को 16 लाख से अधिक पैकेज पर चयन हुआ। उन्होंने छात्रों को तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित किया। प्रो. सुनील कुमार ने पीजीडीएम को एक सफर बताते हुए छात्रों को अच्छे श्रोता और संप्रेषक बनने की सलाह दी। मुख्य अतिथि बद्रीश प्रकाश ने छात्रों से डिजिटल बदलाव का नेतृत्व करने का आह्वान किया। सीएओ कुमोद कुमार, और एसोसिएट डीन (अकादमिक) प्रो. सुनील कुमार मौजूद रहे।



सीआइएमपी में कार्यक्रम का उद्घाटन करते निदेशक डा. राणा सिंह व अन्य • जागरण

Dainik Jagran ! Page No - 04 ! Date - 02-07-2025 !

# सीआईएमपी में पीजीडीएम 2025-27 बैच के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

( आज समाचार सेवा )

पटना। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना में आज पीजीडीएम सत्र 2025-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि श्री बद्रीश प्रकाश (वैश्विक प्रमुख, एलायंस, टाइगर एनालिटिक्स), संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राणा सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार एवं शैक्षणिक सह डीन प्रोफेसर सुनील कुमार उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रोफेसर राणा सिंह ने स्वागत भाषण में नवप्रवेशित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि समय और अवसर किसी की प्रतीक्षा नहीं करते, इसलिए छात्रों को आने वाले दो वर्षों में पूर्ण एकाग्रता के साथ शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को समुचित संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है, जिससे वे कुशल प्रबंधक बन सकते हैं। इसके बाद, प्रोफेसर अंकित शर्मा ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की संरचना, संस्थान की उपलब्धियों और उद्योग से जुड़े अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को टीमवर्क, तकनीकी दक्षता और सतत अधिगम के महत्व को समझाते हुए संस्थान की शैक्षणिक संसाधनों, पुस्तकालय, शोध-पत्रिकाओं और प्लेसमेंट प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रोफेसर सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पीजीडीएम केवल एक डिग्री नहीं बल्कि एक यात्रा है, जिसमें अनुशासन, सहभागिता, संवाद कौशल और नेटवर्किंग आवश्यक है। मुख्य अतिथि बद्रीश प्रकाश ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग की चुनौतियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सकारात्मक व नैतिक उपयोग पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थी केवल तकनीकी विकास के साक्षी ही नहीं, बल्कि इसके मार्गदर्शक बनें। इस अवसर पर चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान और टाइगर एनालिटिक्स के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर संतोष कुमार ने सभी आगंतुकों, अभिभावकों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



Aaj ! Page No - 08 ! Date - 02-07-2025 !

# चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में पीजीडीएम बैच के नए सत्र की हुई शुरुआत

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना, (सीआईएमपी) में मंगलवार को नए पीजीडीएम बैच (2025-27) के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीआईएमपी और टाइगर एनालिटिक्स के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने स्वागत भाषण में छात्रों को बधाई दी और कहा कि समय और ज्वार किसी का इंतजार नहीं करते। उन्होंने छात्रों से दो वर्षों तक एकाग्र होकर पढ़ाई करने और हर अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्थान उन्हें सफलता के लिए सभी जरूरी संसाधन प्रदान करेगा। प्रो. डॉ. अंकित शर्मा ने संस्थान, पाठ्यक्रम और छात्रों के विकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि संस्थान ने अब तक 100% प्लेसमेंट रिकॉर्ड बनाए रखा है और पिछले साल छात्रों को 16 लाख से अधिक का उच्चतम पैकेज मिला। उन्होंने सीखने को एक आजीवन प्रक्रिया बताया और छात्रों को तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और सामाजिक ज़िम्मेदारी के लिए प्रेरित किया। प्रो. डॉ. सुनील कुमार ने पीजीडीएम को एक सफर बताते हुए छात्रों को अच्छे श्रोता और संप्रेषक बनने की सलाह दी। उन्होंने स्क्रीन टाइम के संतुलन, विविधता के महत्व और पेशेवर नेटवर्किंग पर भी जोर दिया।

मुख्य अतिथि बद्रीश प्रकाश ने छात्रों से डिजिटल बदलाव का नेतृत्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का है और छात्रों को इसका रणनीतिक और नैतिक इस्तेमाल करना सीखना चाहिए। उन्होंने इसे एआई का धर्म कहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्लोबल हेड ऑफ अलायंस, टाइगर एनालिटिक्स बद्रीश प्रकाश, संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. राणा सिंह, सीएओ कुमोद कुमार, और एसोसिएट डीन (अकादमिक) प्रो. डॉ. सुनील कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी अधिकारी, संकाय सदस्य और नए छात्र भी उपस्थित थे।

# सीआइएमपी में पीजीडीएम बैच के नये सत्र की हुई शुरुआत

**पटना.** चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में मंगलवार को नये पीजीडीएम बैच (2025-27) के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान सीआइएमपी और टाइगर एनालिटिक्स के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये. सीआइएमपी के निदेशक डॉ राणा सिंह ने स्वागत भाषण में छात्रों को बधाई दी और कहा कि समय और ज्वार किसी का इंतजार नहीं करते. उन्होंने छात्रों से दो वर्षों तक एकाग्र होकर पढ़ाई करने और हर अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की. उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्थान उन्हें सफलता के लिए सभी जरूरी संसाधन प्रदान करेगा. प्रो अंकित शर्मा ने संस्थान, पाठ्यक्रम और छात्रों के विकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी.

Pranbhat Khabar !
Page No - 04 !
Date - 02-07-2025 !